अश्विनी अय्यर तिवारी को पौधा भेंट करते स्वामी चिदानंद सरस्वती।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने महाशिवरात्रि की बधाई दी

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। शिव मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर तथा असत्य से सत्य की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व समाज को प्रेम एवं सद्भाव का संदेश भी देता है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की भी कामना की है।

### महंगाई के विरोध में महिला कांग्रेस ने किया धरना–प्रदर्शन

**(संवाददाता)** देहरादून। महानगर महिला कांग्रेस द्वारा देहरादून के गांधी पार्क में आज महंगाई के विरूद्ध हुंकार भरते हुए महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन के नेतृत्व में धरना–प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी प्रतिभाग किया। महिला कांग्रेस ने भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों पर मंहगाई रोकने में विफल साबित होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने मंहगाई से आम जनता की कमर तोडकर रख दी है। महंगाई रोकने में पूरी तरह नाकाम भाजपा सरकार अपनी विफलता का बोझ आम जनता के कंधों पर बढ़ती जा रही है।

### परीक्षा केंद्रों पर 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

**(संवाददाता)** देहरादून। उप जिलाधिकारी सदर गोपाल राम बिनवाल ने अवगत कराया है कि गत 15 फरवरी से 30 मार्च तक सीबीएसई की कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की परीक्षा जनपद देहरादून में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि उनके क्षेत्रान्तर्गत थाना रायपुर एवं क्लेमनटाउन में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण स्वच्छ व सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा गोपनीयता सामग्री, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश पारित किये गये है।

### फिल्म निर्माता और लेखक अश्विनी अय्यर तिवारी पहुंची परमार्थ निकेतन

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में भारतीय फिल्म निर्माता और लेखक अश्विनी अय्यर तिवारी जी पधारी उन्होने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। अश्विनी अय्यर तिवारी ने परमार्थ गंगा तट पर होने वाली दिव्य गंगा आरती और सत्संग में सहभाग किया। अश्विनी अय्यर तिवारी ने निल बट्टे सन्नाटा, अम्मा कनक्कू, बरेली की बर्फी, पंगा फिल्मों का निर्देशन किया।

## मुख्यमंत्री ने किया वीडियो गीत का विमोचन

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को विधानसभा में कौबेश्वर पिण्डर घाटी केपीजी फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले उत्तराखण्ड की संस्कृति, सभ्यता व पौराणिक रीति रिवाजों आदि पर आधारित वीडियो गीत का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कौब गांव बड़ा खूबसूरत है, तथा फिल्मों की शूटिंग के लिए भी इस क्षेत्र में अच्छी लोकेशन हैं। उन्होंने कहा कि इसी गांव की तरह प्रत्येक गांव में खेती होनी चाहिए तथा आपसी मेल मिलाप का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वीडियो गीत के माध्यम से फिल्म निर्देशक ने पौराणिक सभ्यता व संस्कृति का सजीव फिल्मांकन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पलायन रोकने में भी मददगार होते हैं।

## मीड डे मील में लाभान्वित के अंतर को समान करने के निर्देश

**बैठक**

■ सीएस ने की मध्याह्न भोजन योजना की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की सोलहवीं बैठक

देहरादून। **सवांददाता**

गुरूवार को सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में मध्याह्न भोजन योजना की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की सोलहवीं बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

वित्तीय वर्ष 2020–2021 की रू0 18239.72 लाख की वार्षिक



कार्य योजना विचार विमर्श के बाद मुख्य सचिव द्वारा अनुमोदित की गई। भारत सरकार को प्रेषित की जाने वाली 2020–21 की इस वार्षिक कार्ययोजना में रू0 11361.24 लाख केन्द्रांश तथा रू0 6878.49 लाख राज्यांश शामिल है।

इस वार्षिक कार्ययोजना में कुकिंग एसिस्टेंस, खाद्यान का यातायात, भोजन माताओं का मानदेय, खाद्यान की लागत, मीड डे मील से जुड़े स्टॉफ का वेतन, किचन डिवाइस आदि मदें शामिल है।

मुख्य सचिव द्वारा मीड डे मील में पंजीकृत लाभार्थियों तथा औसत लाभान्वित छात्रों के अंतर को समान करने के निर्देश दिए गए तथा भोजन की गुणवत्ता की भी समय–समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। तथा इस अन्तर को समान करने के लिए एम.डी.एम. में वास्तविक रूप से उपस्थित होने वाले बच्चों के अभिभावकों के साथ अनुपस्थित लाभार्थियों के अभिभावकों के साथ मुलाकात कराने की आवश्यकता पर बल दिया एवं पंजीकृत लाभार्थियों को योजना में शत् प्रतिशत शामिल कराने के लिए ठोस कार्ययेजना के तहत कार्य करने के निर्देश दिए।

# चार धाम परियोजना को कुंभ से पहले पूरा करना लक्ष्यः वीके सिंह

**निरीक्षण**

उत्तरकाशी में चारधाम परियोजना अंतर्गत हो रहे कार्यों का हवाई निरीक्षण कर जायजा लिया

**संवाददाता**

देहरादून/उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने गुरूवार को चारधाम परियोजना के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़, धरासू, जानकीचट्टी, बड़कोट एवं गंगोत्री में भैरवघाटी में हो रहे कार्यों का हवाई निरीक्षण कर जायजा लिया।

हवाई सर्वेक्षण के उपरान्त मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री ने मातली में आई.टी.बी.पी. बैठक कक्ष में अधिकारियों के साथ आगामी चारधाम यात्रा सम्बन्धी कार्यों के बारे में वार्ता की। चारधाम परियोजना के तहत जनपद में हो रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये जिलाधिकारी डा0 आशीष चौहान ने कहा कि परियोजना के तहत निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री रावत व केन्द्रीय



निर्माण कार्यों का हवाई सर्वेक्षण करते सीएम व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह।

मंत्री द्वारा चारधाम परियोजना के अन्तर्गत सिलक्यारा में निर्माणाधीन सुरंग का फोटोग्राफ सहित सभी कार्य योजना का अवलोकन किया गया।

बी.आर.ओ., राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एन.एच.आई.डी.सी.एल. के अधिकारियों से चार धाम परियोजना के तहत हो रहे कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से वार्ता की। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री वी.के. सिंह ने चारधाम परियोजना के तहत किए जा रहे सभी कार्य वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले से पहले पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे चारधाम यात्रियों और सहुलियत मिल सकेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सिलक्यारा टनल में जल निकासी के कार्यों में तेजी लाई जाए, इसके लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अस्थिर पहाड़ी ढलानों के उचित उपचार के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को पहले की अपेक्षा ओर अधिक सुगम बनाने हेतु कार्य तेजी से किए जाएं।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि चारधाम परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्यों को जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा ताकि उत्तराखण्ड में आने वाले देशी व विदेशी पर्यटक सुगमता से यात्रा कर सकें। एन.जी.टी. की हाई पावर कमेटी ने अपनी अन्तिम रिपोर्ट सौंपी दी है। जल्द ही उस पर कार्यवाही होगी, ताकि ऑल वेदर रोड निर्माण में रूके हुए कार्य प्रारम्भ हो सकें।

इस अवसर पर गंगोत्री विधायक गोपाल सिंह रावत एवं जनपद स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 12 वाहिनी आईटीबीपी कमान्डेट पवन कुमार एवं मेजर अवनीश शर्मा भी उपस्थित थे।

## अप्रेल अंतिम सप्ताह में चारधाम यात्रा शुरू हो जायेगीः सीएम

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को विधानसभा में मीडिया से अनौपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि गुरूवार को उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री (से.नि.) जनरल वी.के.सिंह के साथ चारधाम सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन सड़को का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गंगोत्री–भेरोधाटी के साथ ही चिन्यालीसौड धरासू जानकीचट्टी, बड़कोट क्षेत्र में हो रहे सड़क निर्माण कार्यो के निरीक्षण के उपरान्त केन्दीय मंत्री वी.के.सिंह के साथ बी.आर.ओ एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ सड़क निर्माण कार्यों की मातली में समीक्षा की। उन्होंने बताया कि चारधाम सड़क योजना के संबंध में अभी दो पहले ही इस निमित गठित हाई पॉवर कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भारत सकरार को सौंपी है, जिसका अध्ययन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रेल अंतिम सप्ताह में चारधाम यात्रा शुरू हो जायेगी। यात्रा आरंभ होते ही सड़कों की कटिंग का कार्य बंद कर दिया जायेगा, केबल रिटेनिंग वाल आदि का कार्य किया जाता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा बड़कोट एवं चम्बा टनल का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति का भारत सरकार द्वारा भी निरंतर समीक्षा की जा रही है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।